हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 23 जनवरी 2026

[ नर्मदापुर | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]

06 समस्याः जल्द नहीं हुए टैंडर तो बंद हो सकती हैं...



07 सड़क चौड़ीकरण में बाधक बनी मजार...



**खबर संक्षेप**

### अयोध्या-वाराणसी तीर्थयात्रा के लिए आवेदन आमंत्रित



**नर्मदापुरम।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत जिले की अयोध्या-वाराणसी तीर्थयात्रा के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। यह यात्रा 1 मार्च से 6 मार्च तक आयोजित की जाएगी, जिसमें 200 तीर्थयात्रियों को शामिल होने का अवसर मिलेगा। उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण नर्मदापुरम नोडल अधिकारी तीर्थयात्रा ने बताया कि निकाय स्तर पर आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 15 फरवरी है। आवेदन के साथ यह प्रमाण पत्र देना अनिवार्य है कि आवेदक ने पहले कभी इस योजना का लाभ नहीं लिया है। इसमें यात्रियों को सभी फैसिलिटी मुहैया कराई जाएगी।

### गणतंत्र दिवस पर राज्य मंत्री पटेल ध्वज फहराएंगे

**नर्मदापुरम।** प्रदेश के स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के अवसर पर नर्मदापुरम जिले में मुख्य समारोह में ध्वज फहराएंगे। राज्य मंत्री पटेल ध्वज फहराने के पश्चात कन्या शिक्षा परिसर पवारखेड़ा में मध्यान भोजन के कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे ।

### आज ली जाएगी मतदाता दिवस की शपथ

**नर्मदापुरम।** 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिले में शुक्रवार को प्रातः 11 बजे मतदाता दिवस की शपथ दिलाई जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार 24 एवं 25 जनवरी को शासकीय अवकाश होने के कारण राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में ली जाने वाली शपथ 23 जनवरी को आयोजित की जाएगी। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा उक्ताशय में निर्देश जारी किए गए हैं, जिसके तहत समस्त शासकीय कार्यालयों में पदस्थ अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्धारित समय पर मतदाता दिवस की शपथ दिलाई जाएगी।

### ग्रामोदय से अभ्युदय में ग्राम विकास पखवाड़ा रैली



**माखननगर।** मप्र जन अभियान परिषद् की नवांकुर संस्था गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति विकासखंड ने ग्रामोदय से अभ्युदय मप्र के ग्राम विकास पखवाड़ा के अंतर्गत, सेक्टर क्रमांक 04 में सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वावलंबन एवं स्वदेशी, शिक्षा एवं संस्कार नशामुक्त समाज,गौ संरक्षण आदि अनेक विषयों को लेकर विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम संचालित कर रहा है।इसी क्रम में संस्था ने सेक्टर क्रमांक 04 के छात्र छात्राओं को गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति अध्यक्ष नीतिराजसिंह यादव द्वारा स्वदेशी की शपथ दिलवाई।

# विद्या की देवी मां सरस्वती की आराधना का महापर्व बसंत पंचमी आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मां सरस्वती की आराधना का महापर्व बसंत पंचमी आज मनाया जाएगा। यह पर्व ऋतुराज बसंत के आगमन को दर्शाता है। विद्या, वाणी और कला की देवी मां सरस्वती को समर्पित पर्व में मंदिरों, शिक्षण संस्थानों में मां सरस्वती पूजन के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे।

इसी दौरान कला जगत से जुड़े कलाकार मां सरस्वती की मूर्ति स्थापित करेंगे। आचार्य सोमेश परसाई ने बताया कि गुप्त नवरात्रि में सबसे ज्यादा महत्व है तो वह है बसंत पंचमी के दिन का। ज्ञान की देवी के प्रकट होने के दिन जो भी लेखनी से, ग्रन्थ से अर्चन करता है, बच्चों को पुस्तक सामग्री बांटता है उस पर मां सरस्वती कृपा करती है। वहीं उन्होंने बताया कि बसंत पंचमी का लेखनी और



पुस्तक से अर्चन कर बच्चों बांटेंगे।

संगीत संस्थानों, मंदिरो में सरस्वती पूजन व अर्चन, हवन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। विद्यार्थियों के लिए बसंत पंचमी विशेष महत्व रखती है इसलिए कई संस्थाओं में नव विद्यारंभ संस्कार संपन्न होंगे। जिसमें छोटे बच्चों को अक्षर ज्ञान की शुरूआत कराई जाएगी।

### गजकेसरी राजयोग में होगी विद्या, बुद्धि, कला और संगीत की देवी सरस्वती पूजा, बसंत पंचमी पर जगह-जगह होगा पूजा

विद्या, बुद्धि , कला और संगीत की देवी सरस्वती की पूजा पाठ गजकेसरी राजयोग में होगी। आज बसंत पंचमी पर मां सरस्वती की पूजा अर्चना होगी। सरस्वती के प्रकटोत्सव उत्सव का पावन पर्व आज शहर भर के मंदिरों , संस्थाओं, स्कूलों सहित अन्य स्थानों पर मनाया जाएगा । मां सरस्वती की पूजा पाठ होगी। आचार्य पंकज पाठक ने बताया कि बसंत पंचमी पर चार बेहद शुभ योग बन रहे हैं। सर्वार्थ सिद्धि योग, रवि योग, शिव योग और महा सिद्धि योग में बसंत पंचमी मनाई जाएगी। ज्योतिष मान्यताओं के अनुसार इन योगों में की गई मां सरस्वती की उपासना विशेष फल देने वाली होती है। बसंत पंचमी को गजकेसरी योग, बुधादित्य योग और लक्ष्मीनारायण योग भी रहेंगे। आज सुबह से चंद्रमा मीन राशि में प्रवेश कर जाएंगे और गुरु मिथुन राशि में विराजमान है। ऐसे में गजकेसरी राजयोग का निर्माण होगा। बसंत पंचमी के दिन चंद्रमा मिथुन राशि के चौथे भाव में रहेंगे। गुरु चंद्रमा से चतुर्थ (केन्द्र) भाव में हैं, इसलिए यह एक शक्तिशाली गजकेसरी राजयोग का निर्माण हो रहा है।

#### अलग-अलग राशियों में दिखेगा प्रभाव

ज्योतिषाचार्य पाठक ने बताया कि मिथुन राशि से लग्न भाव में गुरु और चौथे भाव में चंद्रमा। व्यक्तित्व में निखार, प्रशासन और राजनीति में सफलता, वाणी का प्रभाव बढ़ेगा। वृषभ से दूसरे भाव में गुरु और तीसरे भाव में चंद्रमा। रुका हुआ धन वापस मिलेगा, छात्रों के लिए उन्नति के द्वार खुलेंगे, धार्मिक यात्रा के योग। कुंभ से दूसरे भाव में चंद्रमा और नवम भाव में गुरु खर्चों पर नियंत्रण,बिजनेस में बड़ा मुनाफा, उच्च शिक्षा के सपने पूरे होंगे।

### आलाप संगीत विद्यालय में विराजेगी मां सरस्वती




नर्मदापुरम स्थित आलाप संगीत विद्यालय में मां सरस्वती की प्रतिमा की स्थापना बसंत पंचती पर की जाएगी। इस दौरान मां को पीले पुष्पों और पीले वस्त्र, केसर, हल्दी आदि अर्पित किए जाएंगे। फिल्म एवं म्यूजिक डायरेक्टर, आलाप संगीत विद्यालय के संचालक कमल झा ने बताया कि मां सरस्वती की विधिवत प्रतिमा स्थापना के बाद वाद्यंत्रों का पूजन संगीत साधकों द्वारा किया जाएगा। इस दौरान संगीतमय सभा भी आयोजित की जाएगी। जिसमें विद्यार्थी अपनी कला की प्रस्तुति देंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य संगीत परंपरा को सहेजना और विद्यार्थियों में कला एवं संस्कृति के प्रति रूचि जाग्रत करना है। वहीं मंदिर में सरस्वती वंदना, भजन कीर्तन और संगीतमय प्रस्तुति के साथ पूजा अर्चना की जाएगी। इसके बाद प्रसाद वितरण होगा।

## जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अवैध खनन पर दी अमले ने दबिश

# अब शराब पीकर वाहन चलाने वालों के ड्राइविंग लाइसेंस होंगे निरस्त

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर मोटर व्हीकल एक्ट की कार्रवाई हुई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर/नर्मदापुरम

ओवरलोडेड ट्रैक्टर ट्रालियों के कारण सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं। तथा सोहागपुर में पुलिस द्वारा यातायात जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के लाइसेंस निरस्त होंगे, जिसके प्रस्ताव नर्मदापुरम आरटीओ को भेजे जाएंगे। सोहागपुर एसडीओपी संजू चौहान के नेतृत्व में गत दिवस अभियान चलाया गया तथा ट्रालियों पर रेडियम पट्टियां लगाई गई हैं।

एसडीओपी संजू चौहान व टीआई ऊषा मरावी ने बताया कि 'राह वीर योजना' के तहत थाना कर्मियों ने व्यापारियों, कृषकों व अन्य लोगों को जानकारी दी। उन्हें बताया गया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की जान बचाने एवं दुर्घटना के बाद एक घंटे में घायल को अस्पताल पहुंचाने वालों को राज्य शासन लाभ देता है। पुलिस द्वारा ट्रैक्टर ट्रालियों में रेडियम पट्टी लगाई गई। स्कूलों में भी छात्रों तथा स्टाफ को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। एएसआई गणेश राय ने बताया कि यातायात नियमों का पालन कराने प्रतिदिन चेकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं।

#### मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही की गई



एएसआई सोहागपुर गणेश राय ने बताया कि यातायात नियमों का पालन ना करने वालों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही की गई है। एक जनवरी 2026 से अब तक सोहागपुर पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध आठ प्रकरण दर्जकर सात प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किए हैं। इन सात प्रकरणों में न्यायालय ने 75 हजार रुपये जुर्माना किया गया है। शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के लाइसेंस निरस्तीकरण के प्रस्ताव आरटीओ नर्मदापुरम को भेजे जाएंगे। यातायात के नियमों का पालन ना करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ मुख्यतः 100 प्रकरणों में 43 हजार 800 रुपये का समन शुल्क भी वसूल किया है। अभियान में एसडीओपी संजू चौहान, थाना प्रभारी ऊषा मरावी, एसआई आकाशदीप, एएसआई गणेश राय, प्रधान आरक्षक नरेंद्र, आरक्षक अतुल, सेवक तथा नंदकिशोर उपस्थित रहे।

#### 3 ट्रैक्टर-ट्रॉली और 6 डंपर जब्त किए




जिला खनिज अधिकारी नर्मदापुरम ने बताया कि राजस्व एवं खनिज विभाग द्वारा गुरूवार को ग्राम-ग्वाडी से 1 ट्रेक्टर ट्राली क्रमांक एम.पी.05 जेड. जे 4464 को रेत खनिज के अवैध परिवहन में जप्त कर पुलिस थाना सिवनीमालवा की अभिरक्षा में रखा गया है एवं सोहागपुर से 01 ट्रेक्टर ट्राली क्रमांक एम.पी.05 जेड जे5396 को रेत खनिज के अवैध परिवहन में जप्त कर पुलिस थाना सोहागपुर की अभिरक्षा में रखा गया है। 20 जनवरी को नर्मदा ब्रिज के पास डोंगरवाडा जिला-नर्मदापुरम से 01 डम्पर क्रमांक-आर.जे.09 जी.डी.4334 को रेत खनिज के ओवरलोड परिवहन करते पाये जाने पर जप्त कर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय प्रांगण नर्मदापुरम में सुरक्षार्थ खड़ा किया गया है। 22 जनवरी को मालाखेडी से 01 ट्रेक्टर ट्राली को बजरी खनिज का अवैध परिवहन में जप्त कर पुलिस थाना देहात में रखा गया है। रेत के वाहनों की जांच के दौरान 05 डम्पर कमांक-आर.जे. 17 जी.बी. 1298, आर.जे. 17 जी.बी.3573. आर.जे. 19 जी.जे.0633, एम.पी.04 वाय. वाय 5838, आर.जे. 19 जी.जे.6632 को रेत खनिज के आवेरलोड परिवहन करते पाये जाने पर जप्त कर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय प्रांगण नर्मदापुरम में खड़ा किया।

## एसटीआर से बांधवगढ़ के लिए रवाना की गई 5 गौर की खेप

**वन्यजीवों के स्थानांतरण की बड़ी प्रक्रिया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सतपुड़ा टाइगर रिजर्व से बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के लिए वन्यजीवों के स्थानांतरण की अब तक की सबसे बड़ी प्रक्रिया जारी है। गुरुवार को पांच गौर बांधवगढ़ के लिए सफलतापूर्वक शिफ्ट किए गए हैं। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व प्रबंधन से प्राप्त जानकारी अनुसार वन्यजीवों के अनुमानित रूप से सबसे बड़े स्थानांतरण कार्य में लगभग 200 कर्मचारियों को चूरना परिक्षेत्र में तैनात किया गया है। जो की स्थानांतरण के कार्य को सफल बना रहे हैं। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व क्षेत्र संचालक राखी नंदा के मार्गदर्शन में उप संचालक, सभी सहायक संचालक, सभी रेंज ऑफिसर्स तथा अन्य मैदानी कर्मचारी 27 जनवरी 2026 तक रिजर्व से 50 गौर के स्थानांतरण के कार्य को अंजाम देंगे। गौर पुनर्स्थापना कार्यक्रम के द्वितीय चरण के प्रथम दिवस अर्थात गुरुवार को सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की चूरना परिक्षेत्र से सुव्यवस्थित योजना द्वारा कुल पांच गौर को ट्रेंकुलाइजेशन द्वारा पकड़कर ट्रक से बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में स्थानांतरण हेतु रवाना किया जा चुका है। इनमें एक नर तथा चार मादा गौर शामिल हैं। पूरे सफर के दौरान गौर की निरंतर निगरानी हेतु वन्य प्राणी चिकित्सक एवं फॉरेस्ट स्टाफ की ड्यूटी लगाई गई है। इससे पहले प्रथम चरण में 23 गौर का सफल स्थानांतरण सतपुड़ा टाइगर रिजर्व से बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में किया जा चुका है।

## नपाध्यक्ष व सभापतिगणों ने जनसुनवाई में सुनी समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



प्रति गुरूवार को होने वाली जनसुनवाई में गुरूवार को नगरपालिका नीतू महेंद्र यादव और सभापति पार्षद निर्मला हंस राय एवं प्रेमा पंकज पांडये उपस्थित रहीं। इस दौरान समस्या लेकर आए नागरिकों को गंभीरता से सुना तथा तत्काल मोबाइल लगाकर समस्याओं का समाधान कराया गया। कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर नपा में जनसुनवाई की जा रही है। आज विभिन्न प्रकार की समस्याएं आईं जिनका नपाध्यक्ष और सभापतिगणों द्वारा समाधान किया गया। कोरीघाट क्षेत्र से महिलाएं जनसुनवाई में पहुंची और उन्होंने शिकायत दर्ज कराई कि वहां पर एक अवैध रूप से टप रखा हुआ है जहां आवारा युवा आकर खड़े होते हैं। मोहल्ले के लोग परेशान हैं। उक्त टप को हटाया जाए। नपाध्यक्ष ने तत्काल अतिक्रमण दल प्रभारी सुनील राजपूत को मोबाइल लगाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही आधा दर्जन लोगों ने राशन कार्ड से अपना नाम समर्पित किया। वार्ड 15 के नागरिकों द्वारा साफ सफाई व्यवस्था शिकायत की जिस पर तत्काल टीम को भेजा गया।

## परंपरागत और संस्कृति की दिखी झलक जिला स्तरीय पिट्टू प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

देश की संस्कृति का परिचय देने वाला पिट्‌ठू खेल अब बुजुर्गों के साथ ही युवाओं की पहली पसंद बनते जा रहा है। इस खेल के माध्यम से युवा परंपरागत खेल, कौशल का आनंद ले रहे हैं। साथ ही पिट्‌ठू प्रतियोगता में भाग लेकर नाम रोशन कर रहे हैं।



श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय, माखन नगर में उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश के वार्षिक खेल कैलेंडर के अंतर्गत जिला स्तरीय पिट्ठू प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ नीता चौबे के निर्देशन व खेल अधिकारी डॉ राजकुमार पटवा के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रतियोगिता में नर्मदापुरम जिले से कुल 8 टीमों ने सहभागिता प्रदर्शित की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माखन नगर महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, मनीष चतुर्वेदी व जनभागीदारी समिति सदस्य हर्ष तिवारी, पत्रकार कैलाश भगोरिया उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में शरद मंडलोई, स्वस्तिक रावत व ख्वाब लोवंशी उपस्थित रहे। संभाग स्तरीय पिट्ठू प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों के चयन हेतु चयन समिति से डॉ शैलेन्द्र मालवीय शासकीय महाविद्यालय डोलरिया व डॉ नरेंद्र पांडे, पीएमश्री शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम उपस्थित रहे। विभिन्न महाविद्यालय से टीम लेकर आये खेल अधिकारियों में डॉ अनूप साहू शासकीय महाविद्यालय बनखेड़ी आदि शामिल रहे।

## मनरेगा बचाओ ग्राम चौपाल में आज शामिल होंगे दिग्विजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र में आज कांग्रेस द्वारा 'मनरेगा बचाओ ग्राम चौपाल' कार्यक्रम किया जा रहा है। आयोजन आदिवासी क्षेत्र के बड़े ग्राम कामती में होगा। जिसमें मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह सम्मिलित होंगे। सोहागपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुधीर सिंह ठाकुर ने बताया कि आज ग्राम कामती में 'मनरेगा बचाओ ग्राम चौपाल' में दिग्विजय सिंह व जिले के अन्य बड़े कांग्रेसी नेता शामिल होंगे।

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह आदिवासी ग्राम कामती में आदिवासी भाईयों एवं बहनों से विस्थापन एवं रोजगार के संबंध में चर्चा करेंगे। ठाकुर ने बताया कि दिग्विजय सिंह कार्यक्रम के बाद आदिवासी भाईयों बहनों के साथ सहभोज करेंगे। ब्लॉक अध्यक्ष ने आदिवासियों भाईयों से चौपाल में शामिल होने के लिये जॉब कार्ड साथ लेकर आने का आह्वान किया है। कार्यक्रम में नर्मदापुरम् कांग्रेस जिला अध्यक्ष गुड्डन पांडे व पूर्व जिला अध्यक्ष पुष्पराज पटेल सहित जिले भर के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे। सोहागपुर के आदिवासी अंचल के आदिवासी भाई बहन एकत्रित होंगे।

## अतीत के गौरव से भविष्य के सपने बुनती उड़ गए दिवस पखेरू को विमोचन...

# पुस्तक पूर्व पीढ़ी का प्रसाद है, भावी पीढ़ी को सौंपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

उड़ गए दिवस पखेरू कृति अतीत के गौरव और वर्तमान की पीड़ा के बीच भविष्य के सुनहरे सपने बुनने का काम करती है। यह कृति ग्रामीण समाज और परिवेश का सजीव चित्र खींचती है। यह बात वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद की प्रथम कृति उड़ गए दिवस पखेरू के विमोचन के अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री माधव सिंह दांगी ने कही। उन्होंने कहा कि पूर्व का ग्रामीण समाज बहुत ही संवेदनशील और मर्यादित था। वहां भावनाओं और संबंधों का आदर था। लोग परस्पर प्रेम से रहते थे। यह पुस्तक ऐसी कई परंपराओं को उजागर करती है, जो अब लुप्त सी हो रही हैं।

पुस्तक की समीक्षा करते हुए वरिष्ठ




साहित्यकार अशोक जमनानी ने कहा कि ये किताब गांव की त्रासदी को बयान करती है। हमारे देश में सात लाख से अधिक गांव हैं और इतनी ही सांस्कृतिक विविधता भी। ये किताब हमें ऐसे गांव में लेकर जाती है। गांव में देने का भाव है और शहर में भोग की लालसा। प्रमोद शर्मा की यह कृति मनुष्य के दिल, दिमाग और पेट को अपने स्थान पर अपने कार्य करने का संकेत भी करती है। विशिष्ट अतिथि विधायक विजय पाल सिंह ने कहा कि पुस्तक हमे अतीत के दिनों में लेकर जाती है, वह हमारे बचपन की सैर कराती हुई लगती है। उन्होंने कहा कि इसकी बातें अनुभव सिद्ध लगती है। समेरिटंस ग्रुप के डायरेक्टर डॉ आशुतोष शर्मा ने कहा कि गांव भगवान ने बनाए जबकि शहर इंसानों ने। पुस्तक बहुत सी सरल और सरस है। वास्तव में साहित्य वही होता है, जो सहजता से बिना परिश्रम से लिखा जाए। लेखक प्रमोद शर्मा ने अपने स्वागत भाषण में बताया कि यह पुस्तक पूर्व पीढ़ी का प्रसाद है जो वे वर्तमान और आने वाली पीढ़ी को सौंप रहे हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिकता की दौड़ में हमारे संबंध कहीं खो गए हैं, आज उन्हें पुनः तलाशने की जरूरत है।

कार्यक्रम को जगन्नाथ मंदिर के गुरु जी बाबा जी प्रसाद दास, पूर्व विधायक प गिरिजा शंकर शर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में गुरुजी प्रकाश चंद्र उपाध्याय, शिवम शेलम समिति के सचिव संतोष शर्मा, प्राचार्य प्रेरणा रावत, लेखक की माताजी भगवती देवी, सहित समेरिटंस विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण, गणमान्य नागरिक, साहित्यकार, पत्रकार उपस्थित थे।

### नर्मदा में डूबते बुजुर्ग को मिला जीवनदान

**नर्मदापुरम।** गुरुवार को सेठानी घाट पर नर्मदा स्नान के दौरान गहरे पानी में चले जाने से एक बुजुर्ग व्यक्ति डूबने लगा। मौके पर तैनात एसडीईआरएफ टीम की तत्परता एवं सूझबूझ से समय रहते रेस्क्यू कर उनकी जान बचा ली गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार रेस्क्यू किए गए व्यक्ति का नाम ओम प्रकाश भार्गव निवासी जिला छिंदवाड़ा है। नर्मदा स्नान के दौरान संतुलन बिगड़ने से वे गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। स्थिति को भांपते हुए एसडीईआरएफ के जवानों ने तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर उन्हें सुरक्षित पानी से बाहर निकाला। इस सफल रेस्क्यू ऑपरेशन में पीसी अमृता दीक्षित, एसके श्याम सिंह राजपूत आदि शामिल रहे।

## राम जानकी मंदिर से निकाली भगवा रैली



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

श्री रामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ के पावन उपलक्ष्य में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल एवं हिंदू सगठनों ने राम जानकी मंदिर से भगवा रैली निकाली।

जय जय श्री राम के उद्‌घोष के साथ नगर में प्रमुख मार्गो से रैली निकाली गई। रैली में विश्व हिंदू परिषद के दिनेश शर्मा, अमित मिश्रा, अभी पटेल, नितिन मेषकर, दिनेश कीर, प्रदीप दायमा, इंद्रपाल जाट, अशोक वर्मा और बजरंगदल कार्यकर्ता शामिल हुये।

रेली बस स्टेण्ड पंचमुखी हनुमान मंदिर पर पर पहुंची जहां हनुमान चालीसा का पाठ किया गया भगवा वाहन रैली रामजान की बड़ा मंदिर पर समापन हुआ।

खबर संक्षेप

### माचना नदी किनारे करंट से युवक की मौत, सदमे में पिता ने खाया जहर

**बैतूल।** शाहपुर इलाके में माचना नदी किनारे तरबूज बाड़ी खेत में मछली मारने गए युवक की करंट लगने से मौत हो गई। बेटे की मौत की खबर सुनकर सदमे में पिता ने जहर खा लिया। फिलहाल पिता को पाढर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत अब सामान्य बताई जा रही है, लेकिन डॉक्टरों की निगरानी में आईसीयू में रखा गया है। घटना शाहपुर थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार, बुधवार शाम अरविंद पिता मेवक मोर्सिया (22) अपने खेत के पास माचना नदी में जाल फैलाकर मछली पकड़ रहा था। तभी जाल में फंसे तार के संपर्क में आने से उसे गर्दन के नीचे करंट लग गया और वह मौके पर ही गिर पड़ा। बताया गया कि दोपहर तक वह खेत में ईंट भी बना रहा था। शाम करीब पांच बजे के बाद पिता ने उसे मछली मारने से मना किया था, लेकिन उनके जाते ही वह नदी की ओर चला गया। जब वह देर शाम तक घर नहीं लौटा, तो उसके चाचा खोजने पहुंचे, जहां अरविंद का शव नदी में मिला। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच डायरी शाहपुर पुलिस को भेज दी है। हादसे के बाद सदमे में आकर पिता मेवक मोर्सिया ने जहर खा लिया। परिजनों ने उन्हें तत्काल पाढर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां वह डॉक्टर्स की निगरानी में आईसीयू में भर्ती है। गांव में गुरुवार अरविंद का अंतिम संस्कार किया गया। टीआई शाहपुर देवकरण डहरिया ने बताया कि आज जिला अस्पताल से मर्ग डायरी प्राप्त हुई है। मौके पर पहुंचकर जांच कर रहे हैं। घटना के बाद ग्रामीण डरे हुए हैं।

## टैंडर के लिए नगरपालिका के पास फरवरी तक का समय

# समस्याः जल्द नहीं हुए टैंडर तो बंद हो सकती हैं कचरा गाड़ियां

### अभी दो महीने एक्सटेंशन पर चल रही कचरा गाड़ियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

डोर-टू-डोर कचरा गाडियों का टैंडर खत्म हो गया है। नगरपालिका फिलहाल उसी कंपनी का दो महीने यानि फरवरी तक एक्सटेंशन बढ़ाकर गाडियां चलवा रही है, ऐसे में जल्द ही टैंडर आमंत्रित नहीं किये गये तो कचरा गाडियों के पहिये थम भी सकते है। दरअसल शहर में कचरे का कलेक्शन डोर-टू-डोर किया जाता है।

इसमें कचरा कलेक्शन करने वाली गाडियां सीधे वार्डों में पहुंचती है और इनमें घर-घर से कचरा डाला जाता है। कचरा गाडियां एकत्रित किया गया कचरा ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचा देती है। इससे फायदा यह होता है कि शहर में जगह-जगह कचरे का ढेर नहीं लगता और न ही गंदगी फैलती है। लोगों ने भी अब अपनी आदतें बदल ली है और वे भी घर से निकलने वाला कचरा मोहल्ले में कहीं भी फेंकने के बजाय उसे जमा करके रखते हैं और सुबह कचरा वाहन के आते ही उसमें डाल देते हैं। बता दे कि जब डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन शुरू हुआ था तो सबसे पहले 22 गाडियों से शुरुआत हुई थी। हालांकि अब गाडियों की संख्या बढक़र करीब 40 हो चुकी है। पहले वार्डों से कम गाडियां होने पर रोजाना गाडियां वार्डों में नहीं पहुंच पाती थी, लेकिन अब रोजाना वार्डों में गाडियां पहुंच रही है। यह जरूर है कि वार्ड के कुछ क्षेत्रों में एक दिन और कुछ क्षेत्रों में दूसरे दिन पहुंच रही है।



### खत्म हो चुकी है कंपनी की अवधि

डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन की व्यवस्था कई सालों से चल रही है। जिसकी वजह से लोगों की आदत में बदलाव आया है। लोग अब कचरा गाडिय़ों में ही कचरा डालने के आदी हो चुके है। लेकिन अब कचरा गाडिय़ों का ठेका खत्म हो चुका है। बताया जा रहा है कि डोर-टू-डोर कलेक्शन कर रही कंपनी का ठेका अवधि 24 दिसंबर 2025 की ही समाप्त हो चुकी है। इसके बाद अभी तक नए टेंडर की प्रक्रिया भी शुरू नहीं हो पाई है। ठेका अवधि समाप्त होने के बाद कंपनी को दो महीने का एक्सटेंशन दिया गया है। यह एक्सटेंशन लगातार नहीं दिया जा सकता। ऐसे में नया टेंडर जरूरी है। अभी तक नया टेंडर नहीं होने से लोग यह कयास लगा रहे हैं कि निकट भविष्य में कहीं कचरा कलेक्शन व्यवस्था ठप न पड़ जाए।

### हर महीने किया जाता था 35 लाख का भुगतान

डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के लिए नगरपालिका द्वारा ठेका कंपनी को करीब 35 लाख रुपये की राशि का भुगतान हर महीने किया जाता है। हालांकि इस कार्य में नगरपालिका के कुछ कर्मचारियों की सेवाएं भी ली जाती है। ऐसे में उनके वेतन-भत्तों का भुगतान कंपनी को दी जाने वाली इस राशि में से ही किया जाता है। यह लगभग 8 लाख रुपये होती है। जानकारों का कहना है कि यह नपा पदाधिकारियों और अधिकारियों का फर्ज है कि वे शर्तों को सरल करें और राशि भी व्यवहारिक रूप से बढ़ाएं ताकि जल्द टेंडर हो सके और यह जरूरी व्यवस्था ठप न हो। यह सब जल्द करना भी जरुरी है क्योंकि टेंडर होने से लेकर वर्क आर्डर जारी करने और नई कंपनी द्वारा कार्य शुरू किए जाने में काफी समय लगता है। यहां तो यह प्रक्रिया शुरू ही नहीं हो पाई है।

### दो बार बुलाने पर भी नहीं आया टेंडर

बताया जा रहा है कि नगरपालिका ने दो बार टैंडर बुलाये थे। नवंबर महीने में नगरपालिका 2 बार टेंडर बुला चुकी है, लेकिन यह ठेका लेने किसी ने रूचि ही नहीं दिखाई। यही कारण है कि दोनों बार में एक भी टेंडर नहीं आया। बताया जाता है कि बेहद कठिन शर्तें और राशि कम रखे जाने के कारण कोई यह ठेका नहीं लेना चाहता है। यही वजह है कि यह स्थिति बैतूल नगर पालिका में बन रही है। अब नगरपालिका के पास फरवरी तक का समय है। यदि फरवरी के पहले नगरपालिका को ठेकेदार नहीं मिला तो कचरा गाडिय़ों का संचालन करना मुश्किल हो जायेगा और ऐसा होता है तो इसका असर शहर की सफाई व्यवस्था पर बढ़ेगा। वार्डो में कचरा गाड़ी नहीं पहुंचने से लोग फिर वार्डो में ही कचरा एकत्रित करना शुरू कर देगे। जिससे शहर फिर गंदा नजर आने लगेगा।

**टेंडर बन चुका है**

टैंडर समाप्त हो चुका है। फिलहाल दो महीने फरवरी तक एक्सटेंशन बढ़ाया है। कचरा गाड़ियों के संचालन के लिए टैंडर बन चुका है। जल्द ही टैंडर का प्रकाशन कर दिया जाएगा।

\- **सतीश मटसेनिया**, सीएमओ, नगरपालिका बैतूल

## डंपर का बॉक्स उठते ही हुआ हादसा

# हाई टेंशन लाइन की चपेट में आया युवक, मौके पर मौत

### 20 वर्षीय रोहित साहू की गई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई



मुलताई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नांदकुड़ी बोरगांव में गुरुवार दोपहर एक दर्दनाक हादसे में 20 वर्षीय युवक की करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान रोहित साहू, निवासी मुलताई के रूप में हुई है। हादसे की खबर से क्षेत्र में शोक और सनसनी का माहौल बन गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुलताई से एक डंपर रेत खाली करने ग्राम नांदकुड़ी बोरगांव पहुंचा था। रेत खाली करने की प्रक्रिया के दौरान रोहित साहू डंपर पर चढ़ा हुआ था। इसी बीच जब डंपर का बॉक्स ऊपर की ओर उठाया गया, तभी वह वहां से नीचे गुजर रही हाई टेंशन विद्युत लाइन के संपर्क में आ गया। तेज करंट लगते ही रोहित साहू गंभीर रूप से झुलस गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मची अफरा-तफरी घटना होते ही मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। तत्काल इसकी सूचना मुलताई थाना पुलिस को दी गई। पुलिस दल मौके पर पहुंचा और स्थिति का जायजा लिया। आवश्यक पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को कब्जे में लेकर शासकीय अस्पताल मुलताई भेजा गया, जहां पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया की जा रही है। हाई टेंशन लाइन की ऊंचाई पर उठे सवाल बताया जा रहा है कि जिस स्थान पर डंपर से रेत खाली की जा रही थी, वहां से हाई टेंशन बिजली लाइन काफी नीचे की ऊंचाई पर गुजर रही थी, जिससे इस तरह का हादसा हुआ। घटना ने विद्युत सुरक्षा और निर्माण कार्यों के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर शुरू की जांच मुलताई थाना पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद हादसे के कारणों की विस्तृत जांच कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। युवा रोहित साहू की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है, वहीं गांव और नगर में शोक की लहर व्याप्त है।

### खेत में काम करते समय किसान को सांप ने काटा, मौत

*बैतूल। शाहपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सालीमेट में 50 वर्षीय किसान ब्रजमोहन परते की खेत में काम करते समय सांप ने डस लिया। घटना 19 जनवरी की शाम लगभग 4 बजे हुई। सांप के काटते ही ब्रजमोहन की तबीयत बिगड़ गई। परिजन उन्हें शाहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें गंभीर हालत में जिला अस्पताल बैतूल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में उन्हें आईसीयू में भर्ती किया गया। लगातार इलाज के बावजूद बुधवार और गुरुवार की रात के बीच उनकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में शोक का माहौल फैल गया। शव को जिला अस्पताल की मर्चुरी में रखा गया और पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।*

## शिविर में जरूरतमंद मरीजों के लिए 30 यूनिट हुआ रक्तदान

# जन अभियान सही मायनों में जन-जन का अभियान हैः विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आह्वान पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें जिला स्तरीय, विकासखंड स्तरीय, सेक्टर स्तरीय एवं पंचायत स्तरीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को प्रभात पट्टन के सेक्टर क्रमांक 2 के ग्राम पंचायत वायगांव में सेक्टर स्तरीय कार्यक्रम एवं रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष एवं राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त मोहन नागर द्वारा राम मंदिर में पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथियों के स्वागत के पश्चात विकासखंड समन्वयक राधा बरोदे द्वारा ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान के संबंध में विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की गई। प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन नागर ने कहा कि ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान अंतर्गत मध्यप्रदेश के 55 हजार ग्रामों तक शासन की योजनाओं को पहुंचाना इस अभियान का लक्ष्य है। जन अभियान परिषद द्वारा अनेक कार्यक्रमों का आयोजन ग्राम स्तर पर किया जा रहा है। प्रत्येक ग्राम आत्मनिर्भर बने, प्राकृतिक खेती की ओर बडे, गौधन को बढावा दे व खेती की लागत कम करें। खेती के साथ-साथ आय के अन्य साधनों को भी बढाए, ग्राम में संस्कार केंद्र व जन सूचना केंद्रों का संचालन हो और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी कार्य करने की आवश्यकता है।

### गांव-गांव तक पहुंच रही जन अभियान की टीम

विशेष अतिथि विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने कहा कि जन अभियान परिषद शासन के हर अभियान को सफल बनाने के लिए सतत कार्य करता है। जन अभियान की टीम गांव-गांव तक पहुंच कर शासन की योजनाओं व समाज सेवा के भाव को युवाओं में जागृत करने का कार्य करती है। संभाग समन्वयक कौशलेश प्रताप तिवारी द्वारा रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया गया। इस दौरान उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप समाज में सकारात्मक परिवर्तन के अग्रदूत बने और सोशल मीडिया के नकारात्मक प्रभाव से बचें। डॉ अंकिता सीते ने कहा कि रक्तदान मानव सेवा का सबसे अच्छा अवसर है। जरूरत मंदो की मदद करें व अधिक संख्या में रक्तदान करें। रक्तदान शिविर में 30 से अधिक यूनिट रक्तदान हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भास्कर मागरदे, जनपद सदस्य प्रफुल्ल ठाकरे, जनपद सदस्य नितेश काले, जनपद सदस्य जयश्री पाटणकर, सरपंच हिवरखेड विश्वनाथ धोटे, सरपंच बिसनुर प्रियंका ठाकरे, सरपंच शिरडी बाली महाले, नवांकुर अध्यक्ष पंढरीनाथ पाटणकर, सचिव भोजराज पाटणकर, कमलेश अधवारे, परामर्शदाता वीरेंद्र सूर्यवंशी, नितेश सोलंकी, रोशन लोखंडे, माधोराव कापसे, प्रियंका ठाकरे, सीएमसीएलडीपी छात्र आदि रहे मौजूद।

### साहू समाज महिला मंडल का हल्दी-कुमकुम 25 जनवरी को

**बैतूल।** मां कर्मा साहू समाज समिति नगर बैतूल के तत्वावधान में 25 जनवरी रविवार को महिला मंडल द्वारा कर्मा भवन कालापाठा में हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम रखा गया है, जो दोपहर 1.30 बजे आयोजित होगा। समिति ने समाज की महिलाओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है। वहीं 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर मां कर्मा भवन में प्रातः 8 बजे झंडारोहण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। समिति ने सभी सामाजिक बंधुओं से समय पर पहुंचकर कार्यक्रम में सहभागिता निभाने की अपील की है।

# माध्यमिक शाला बंजारीढाल में अनियमितताओं के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौरा

बैतूल जिले के जनजातीय कार्य विभाग के एक ओर विवादित विद्यालय का नाम सामने आया है, जिसमें बच्चे झाड़ लगाते हैं और बच्चे ही स्कूल खोलते हैं। लगातार आ रही शिकायतों के बाद भी जिला प्रशासन मौन बना हुआ है। एक विद्यालय की पड़ताल करने पर पाया गया कि छात्रावास के बच्चों को भी अपूर्ण और घटिया भोजन दिया जा रहा है। बच्चों के कपड़े फटे हुए पाए गए। बच्चों द्वारा यूनिफॉर्म को धागे से सीलकर स्कूल के बाहर खड़ा पाया गया, क्योंकि स्कूल में शिक्षक ही नदारद रहते हैं। 11.45 तक भी स्कूल बंद रहता है। इससे यह पता चलता है कि शिक्षकों के आगमन का कोई निश्चित समय नहीं है। साथ ही बच्चे ही साफ सफाई और झाड़ू लगाते पाए गए। मीडिया को देखकर जब हडक़ंप मचा तो ग्राम में रहने वाले एक अतिथि ने आनन-फानन में गाड़ी से स्कूल पहुंच कर सफाई दी गई, जो कि नियमित स्टाफ की अनुपस्थित रहने को इंगित करता है। शासकीय माध्यमिक विद्यालय बंजारी ढाल की यह दशा मध्यप्रदेश शासन के जनजाति विकास की पोल खोलने को काफी है।

**जांच करेंगे**

हमे आपके माध्यम से बताया गया। हमने आपकी वीडियो देखी। इन अनियमितताओं को लेकर हम जांच करेंगे और अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए उच्च कार्यालय को सूचित करेंगे।

\- **मीहिर कुमार दास,** संकुल अधिकारी, बटकीडोह

### जिला आयुर्वेद चिकित्सालय टिकारी में पंचकर्म सुविधा शुरू

**बैतूल।** आयुष विभाग अंतर्गत जिला आयुर्वेद चिकित्सालय, टिकारी में पंचकर्म चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई है। यहां अनुभवी पंचकर्म विशेषज्ञ डॉ. नरेंद्र डडोरे की निगरानी में मरीजों को पंचकर्म उपचार दिया जा रहा है। आवश्यकता पडने पर मरीजों के लिए भर्ती एवं भोजन की सुविधा भी चिकित्सालय में उपलब्ध है। सर्दियों के मौसम में ठंड के प्रभाव से जोड़ों, हड्डियों, संधियों और स्नायु तंत्र से जुड़े पुराने दर्द उभर आते हैं। ऐसे में आयुर्वेद में पंचकर्म चिकित्सा को सबसे प्रभावी उपचार माना गया है, जिससे शरीर के भीतर जमा दोषों का शोधन कर दर्द से राहत दिलाई जाती है। आधुनिक जीवनशैली के कारण आज सर्वाइकल, कमर स्पॉन्डिलाइटिस, संधिवात, स्लिप डिस्क जैसी बीमारिया आम हो गई हैं। आयुर्वेद के अनुसार इन रोगों का उपचार पंचकर्म पद्धति से सफलतापूर्वक किया जाता है। पंचकर्म के माध्यम से शरीर के वात, पित्त और कफ दोषों को संतुलित किया जाता है। पंचकर्म चिकित्सा के अंतर्गत वमन, विरेचन, बस्ति, नस्य और रक्तमोक्षण जैसी प्रक्रियाए अपनाई जाती हैं। इसके साथ अभ्यंग और स्वेदन जैसी पूर्व-चिकित्साए भी की जाती हैं।

आठवीं पुण्यतिथि



परम श्रद्धेय माताजी
स्व. श्रीमति श्यामादेवी द्विवेदी
माँ आज आपकी पुण्यतिथि के अवसर पर हम सभी परिजन ईश्वर से आपकी पुण्य आत्मा की मुक्ति के लिए हृदय से प्रार्थना करते है।
"सपनों में भी आकर प्यार जताती हो तुम...
बड़े ही प्रेम से मेरे सिर को सहलाती हो तुम...
तुम्हारी ममता को हम, कभी भुला नहीं सकते...
माँ हर घड़ी हर पल बहुत याद आती हो तुम"
श्रद्धावनत्
समस्त द्विवेदी परिवारजन तथा स्नेहीजन, बैतूल (म.प्र.)

## करज गांव के पास 500 मीटर सड़क का विवाद खत्म

# दो दशक बाद सुलझा बिरूल मार्ग का पेच इसी सप्ताह शुरू होगा अधूरा सड़क निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई





मुलताई-पिसाटा-बिरूल मार्ग पर वर्षों से चला आ रहा भूमि विवाद आखिरकार समाप्त हो गया है। लोक निर्माण विभाग ने दावा किया है कि करज गांव के पास लगभग 500 मीटर लंबे विवादित हिस्से का निर्माण कार्य इसी सप्ताह पुनः प्रारंभ कर दिया जाएगा। इस निर्णय से क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है, क्योंकि यह मार्ग लंबे समय से अधूरा होने के कारण आमजन के लिए गंभीर समस्या बना हुआ था। लोक निर्माण विभाग के एसडीओ सुनील सोलंकी ने जानकारी देते हुए बताया कि बिरूल मार्ग के मध्य स्थित करज गांव के पास सडक़ निर्माण को लेकर कृषकों और ग्रामीणों के बीच चला आ रहा विवाद आपसी सहमति से सुलझा लिया गया है। सभी संबंधित भूमि स्वामियों और ग्रामीणों की मौजूदगी में सीमांकन कर मार्ग की भूमि को स्पष्ट रूप से चिन्हित कर लिया गया है। इसके बाद ठेकेदार को कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दे दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि अब जय श्रीराम कंस्ट्रक्शन, बैतूल द्वारा सडक़ निर्माण का रुका हुआ कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा। बरसों से अधूरी पड़ी यह सडक़ पूरी होने के बाद करज गांव क्षेत्र में बना पेच समाप्त हो जाएगा और मुलताई से बीरूल तक की यात्रा कहीं अधिक आसान और सुरक्षित हो सकेगी।उल्लेखनीय है कि विवाद के कारण इस मार्ग का निर्माण न हो पाने से करज गांव के पास सडक़ पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए थे। स्थिति यह थी कि भारी वाहनों का निकलना तो दूर, पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता था। विशेष रूप से वर्षाकाल में यह हिस्सा दलदल में तब्दील हो जाता था, जिससे रोजाना आवागमन करने वाले नागरिकों, किसानों और विद्यार्थियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था।

### 4 करोड़ की लागत से बन रहा 6.5 किमी लंबा मार्ग

मुलताई-पिसाटा-बिरूल मार्ग की कुल लंबाई लगभग साढ़े छह किलोमीटर है। यह मार्ग गोभी उत्पादक क्षेत्र को मुलताई से जोडऩे वाला प्रमुख संपर्क मार्ग माना जाता है। बावजूद इसके, यह सडक़ वर्षों तक भूमि विवाद और ठेकेदारों की लापरवाही का शिकार बनी रही। इससे पहले एक ठेकेदार कार्य अधूरा छोडक़र चला गया था। वर्तमान में लगभग 4 करोड़ रुपये की लागत से इस मार्ग का निर्माण कार्य जय श्री राम कंस्ट्रक्शन को सौंपा गया है। अधिकारियों के अनुसार मार्ग की चौड़ाई 25 फीट रखी जा रही है, जिससे भविष्य में भारी वाहनों की आवाजाही भी सुचारु रूप से हो सकेगी।

### न्यायालय तक पहुंचा था मामला वर्षों तक नहीं निकला समाधान

बताया जा रहा है कि बीरूल मार्ग के इस हिस्से का कई बार सीमांकन कराया गया और मामला न्यायालय तक भी पहुंचा, लेकिन बीते करीब दो दशकों में विवाद का कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पाया। हालांकि इस बार विभागीय अधिकारियों का दावा है कि सभी पक्षों की सहमति से विवाद का अंतिम निपटारा कर लिया गया है और अब सडक़ निर्माण कार्य तय समय-सीमा में पूरा किया जाएगा।

**शीघ्र पूरा होगा काम**

जहां से सड़क बननी है, उस भूमि का सीमांकन कर जगह चिन्हित कर ली गई है। ठेकेदार को आदेश दे दिए गए हैं। इसी सप्ताह कार्य शुरू होगा और शीघ्र ही सड़क निर्माण पूरा कर लिया जाएगा।

सुनील सोलंकी
एसडीओ, लोक निर्माण विभाग, मुलताई

**CHANGE OF NAME**

I, No.-14644056A, Rank- EX HAV **RAGHUNATH** resident of Vill.- Malegaon, Post-Paradsinga, Teh.- Multai, Distt.- Betul (MP.) Pin-460661, have changed my Son's name from **ARYAN** to **ARYAN BUWADE** vide Affidavit dated 22/01/2026 before notary Multai, Distt.- Betul (MP.)

**CHANGE OF NAME**

I, No-14644056A, Rank- EX HAV **RAGHUNATH** resident at Vill.- Malegaon, Post-Paradsinga, Teh.- Multai, Distt.- Betul (MP.) Pin-460661, have changed my Son's name from **LAVKESH** to **LAVKESH BUWADE** vide Affidavit dated 22/01/2026 before notary Multai, Distt.- Betul (MP.)

## कार्यालय नगरपालिका परिषद मुलताई जिला बैतूल (म.प्र.)

क्र./ई टेण्डरिंग/लो.नि.शा./2026/1171 — मुलताई, दिनांक 15.01.2026

**निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम)**

नगरपालिका परिषद् मुलताई के द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में निर्माण सामग्री क्रय करने हेतू निर्माता/पंजीकृत सप्लायर/डीलर/फर्म से आनलाईन निविदा सामग्री दर (Item Rate) पर आमंत्रित की जाती है।

| एन.आई.टी.नं./ दि. निविदा कं. | विवरण | अनुमानित लागत (रूपये लाख में) | अमानत राशि रूपये | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समय सीमा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1171 15-01-26 2026_UAD_475984_1 | नगर पालिका परिषद् मुलताई के लिये निर्माण सामग्री प्रदाय कराने का कार्य। | 20.00 | 15000.00 | 2000.00 | निर्माण सामग्री आदेश दिनांक से 07 दिवस की अवधि में वर्ष 2026-27 |

नोट :- 1. इच्छुक एवं पात्र निविदादाता विस्तृत निविदा एवं अन्य समस्त जानकारी https://www.mptenders.gov.in पर देख सकते है। 2. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र दिनांक 16/01/2026 समय सुबह 10.30 बजे से दिनांक 14/02/2026 समय सांय 5.30 बजे तक वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान कर प्राप्त किये जा सकते है तथा ऑनलाईन दर प्रस्तुत की जा सकती है। 3. निविदा में किये जाने वाले संभावित संशोधन की सूचना समाचार पत्रो में प्रकाशित नही की जावेंगी, निविदा से संबंधित संशोधन वेबसाइट पर ऑनलाईन देखे जा सकते है।

**(श्रीमती वर्षा दिनेश गढ़ेकर)** अध्यक्ष, नपा मुलताई
**(श्री शिवकुमार माहोरे)** उपाध्यक्ष, नपा मुलताई
**(श्रीमती कुसुम मारोती पंवार)** सभापति, लो.नि. आवास एवं पर्यावरण नपा मुलताई
**(श्री वीरेन्द्र तिवारी)** सीएमओ नपा मुलताई

## हिंदू सम्मेलन के अंतर्गत चल समारोह निकाला



**इटारसी।** इटारसी की मधुकर बस्ती में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन के अंतर्गत भव्य चल समारोह में नर्मदापुरम नरसिंहपुर के सांसद दर्शन सिंह चौधरी, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, भाजपा नेता योगेंद्र सिंह राजपूत, पूर्व जिला मंत्री उमेश पटेल, भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष जोगिंदर सिंह, शिवकांत मालवीय, राकेश मालवीय ने सहभागिता की। समाज में एकता, स्वदेशी भावना और राष्ट्र निर्माण में नागरिक कर्तव्यों के निर्वहन का प्रेरक संदेश दिया। ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करते हैं।

## मनरेगा बचाओ अभियान

**इटारसी।** महिला कांग्रेस नेत्री नेहा चावरे जिले मे गांव गांव जाकर मनरेगा बचाओ संग्राम मे अपनी प्रमुख भूमिका निभाने को लेकर कमर कसे हुए है। जिले के तारारोड़ा ग्राम में चावरे के द्वारा जनता के बीच जाकर अपनी बात को रखा।

### मजार की आड़ में हुआ था अतिक्रमण, डोलरिया सड़क चौड़ीकरण की बाधा समाप्त

# सड़क चौड़ीकरण में बाधक बनी मजार विस्थापित, अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

लंबे समय से नाला मोहल्ला क्षेत्र में डोलरिया मार्ग पर अतिक्रमण करके बनी मजार का गुरुवार को विस्थापित किया गया साथ ही उसकी आड़ में हुए अतिक्रमण पर जेसीबी का पंजा चलाया गया।



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर के विकास और यातायात को सुगम बनाने की दिशा में प्रशासन और नागरिकों ने आपसी समन्वय की एक बड़ी मिसाल पेश की है। ग्वाल बाबा (नाला मोहल्ला) डोलरिया रोड पर लंबे समय से सड़क चौड़ीकरण में बाधक बन रही एक मजार को गुरुवार को सर्वसम्मति और पूरे धार्मिक सम्मान के साथ विस्थापित कर दिया गया।

### विधायक की पहल सार्थक

विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा लंबे समय से इस मार्ग के चौड़ीकरण के लिए प्रयासरत थे। उन्होंने स्थानीय नागरिकों और मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों के साथ संवाद किया, जिसका परिणाम आज देखने को मिला। विधायक ने कहा कि शहर के विकास के लिए जनसहयोग अनिवार्य है। यह कार्य आपसी समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण है, जिससे आने वाले समय में हजारों लोगों को लाभ होगा।

### अतिक्रमण पर बुलडोजर

मजार विस्थापन के साथ-साथ नगर पालिका और पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में सड़क के आसपास मौजूद अन्य अवैध अतिक्रमणों को भी बुलडोजर चलाकर सख्ती से हटाया गया। भारी मशीनों की मदद से मार्ग को साफ किया ताकि चौड़ीकरण का कार्य बिना किसी तकनीकी रुकावट के शुरू किया जा सके। इस दौरान बडी संख्या में पुलिस एवं नगरपालिका बल मौके पर मौजूद रहा।

### 30 हजार ग्रामीणों को जाम से मुक्ति

नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने इस कार्य के लिए स्थानीय नागरिकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि यार्ड रोड से आने-जाने वाले लगभग दो दर्जन गांवों के निवासी, डोलरिया और रेलवे की ओर जाने वाले इस मुख्य मार्ग पर अब यातायात का दबाव कम होगा और लोगों का समय बचेगा, लगभग 30,000 से अधिक ग्रामीणों के लिए यह मार्ग जीवनरेखा साबित होगा।

### सौहार्द्र की मिसाल, पहले मंदिर, अब मजार

इटारसी ने एक बार फिर साबित किया है कि विकास के लिए यहां के नागरिक दलगत राजनीति और धर्म से ऊपर उठकर सोचते हैं। इससे पूर्व रेलवे स्टेशन के सामने स्थित हनुमान मंदिर को भी यातायात व्यवस्था हेतु सम्मानपूर्वक विस्थापित किया जा चुका है। आज मजार के विस्थापन ने शहर के साझा सौहार्द और विकास के प्रति एकजुटता को फिर से दोहराया है।

### नगर हित में सारे कार्य होते रहेंगे...

नगरहित में आवश्यक हर कार्य को हम प्राथमिकता से करते रहेंगे। बढते शहर के साथ बढते अतिक्रमण के विरुध्द प्रशासन की कार्रवाई जारी रहेगी। -डॉ सीतासरन शर्मा, विधायक

### जीआरपी इटारसी को मिली बड़ी सफलता

## बाइक चुराने वाला चोर गिरोह धराया, 5 मोटरसाइकिलें बरामद



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

रेलवे प्लेटफार्म और सर्कुलेटिंग एरिया में लगातार हो रही वाहन चोरी की वारदातों में जीआरपी इटारसी को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक शातिर चोर और उसके किशोर साथी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 5 स्प्लेंडर मोटरसाइकिलें बरामद की हैं, जिनकी कुल कीमत लगभग 4,25,000 रुपये आंकी गई है।

कार्रवाई का सिलसिला 10 जनवरी 2026 को दर्ज हुई एक शिकायत से शुरू हुआ जब नर्मदापुरम निवासी रोहन पवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि जब वह अपने भाई को ट्रेन में बैठाने गया था, तब प्लेटफॉर्म नंबर 2 के बाहर से उसकी स्प्लेंडर बाइक एमपी 47 एमएफ 8159 चोरी हो गई थी। इस मामले में जीआरपी चौकी नर्मदापुरम में बीएनएस की धारा 303(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था।

21 जनवरी को मुखबिर से सूचना मिली कि रामजी बाबा मंदिर के पास दो संदिग्ध व्यक्ति बहुत कम कीमत पर मोटरसाइकिल बेचने की फिराक में हैं। पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर दोनों को हिरासत में लिया। जिनकी पहचान बसंत चौहान 24 वर्ष निवासी रेहटी, जिला सीहोर और एक 17 वर्षीय किशोर के रूप में हुई है। पूछताछ में उन्होंने नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन से बाइक चोरी करना स्वीकार किया।

बसंत के घर से 3 अन्य बाइकें भी बरामद की गईं। कार्रवाई में जीआरपी थाना प्रभारी संजय चौकसे, उप निरीक्षक सुरेश राज, सउनि माखनलाल कीर, और आरक्षक विष्णुमूर्ति शुक्ला सहित पूरी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अधीक्षक रेल ने टीम को विशेष रूप से पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

## प्रियांशी और विशाल के गीतों पर झूमा पूरा आदिवासी समाज



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

ग्राम सोनतलाई में इन दिनों सात दिवसीय गोंडी कोयापुणेम धर्म दर्शन गाथा का आयोजन 17 जनवरी से 23 जनवरी तक चलेगा। आयोजन के दौरान बीती रात आयोजित जागरण में हजारों की संख्या में उमड़े जनसैलाब ने आदिवासी संस्कृति और आस्था का अनुपम उदाहरण पेश किया।

जागरण कार्यक्रम में विशेष रूप से आमंत्रित गोंडी कला जगत के प्रसिद्ध गायकों ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। प्रियांशी भलावी जबलपुर ने गीतों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। विशाल ककोडिया छिंदवाड़ा ने लहर-लहर लहराए बड़ादेव गीत के माध्यम से समाज में जोश भर दिया।

शिवम इरपाचे शाहपुर ने अपनी गायकी के जरिए गोंडी रीति-रिवाजों और पारंपरिक मुकदमा ले जाने के प्रसंगों को बेहद खूबसूरती से प्रस्तुत किया। इन कलाकारों की आवाज और गोंडी संस्कृति की झलक सुदूर क्षेत्रों से हजारों महिला-पुरुष और युवा सोनतलाई पहुंचे।

## अग्रवाल भवन के पीछे 11 गुमठियों पर चलेगा जेसीबी का पंजा एसडीएम कार्यालय से आदेश जारी, नपा की कार्रवाई का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

अग्रवाल भवन के पीछे रातोंरात नजूल की जमीन पर 11 गुमठियां तानने का कारनामा करने वाले चेहरे नदारत हैं। कई महीनों चले पत्राचार के बाद अंततः नगर प्रशासन ने इन गुमठियों को मिट्टी में मिलाने का आदेश जारी कर दिया। तहसीलदार इटारसी को इस संबंध में लिखित निर्देश देकर की गई कार्रवाई से एसडीएम कार्यालय को अवगत कराने को भी कहा गया है। लंबे समय से इन गुमठियों के नहीं तोड़े जाने को लेकर प्रशासन पर भी सांठगांठ के छींटे पड़ रहे थे।

### तहसील कार्यालय को मिला तोड़ने का आदेश

एसडीएम कार्यालय से जारी पत्र में कहा गया है कि उपरोक्त विषयांतर्गत आपके द्वारा संदर्भित पत्र के माध्यम से इस कार्यालय को



यह जानकारी उपलब्ध कराई गई है कि इटारसी स्थित भूमि नजूल शीट नं0 09 प्लाट नं0 10/3 एवं 10/4 रकबा क्रमशः 4300 व०फु० एवं 7750 व० फु० सडक प्रबंधन नगर पालिका परिषद इटारसी के नाम पर दर्ज है।

जो कि अग्रवाल भवन के पीछे सडक से लगी भूमि पर लगभग 600 व.फु. भूमि पर अज्ञात लोगों द्वारा टीन शेड डालकर अवैध निर्माण कर लिया है। उक्त संबंध में उक्त अतिक्रमण के संबंध में अतिक्रमणकर्ता की जानकारी न होने से उक्त 11 टीन शेड को हटाया जाना उचित बताया है।

अतः उक्त के संबंध में आपको आदेशित किया जाता है कि आप उक्त अतिक्रमण को विधिवत हटाये जाने की कार्यवाही कर वस्तुस्थिति से इस न्यायालय को अवगत करावें।

ज्ञात हो कि इन अवैध गुमठियों की शिकायत नया यार्ड निवासी सुरेश चिचवारे ने की थी।

### सीएमओ ने 3 दिन में नहीं दिया था जवाब

एसडीएम कार्यालय से इटारसी नगर पालिका कार्यालय को भी पत्र भेजा गया था जिसमें उक्त अतिक्रमण को तोडने का निर्देश दिया गया था। लेकिन आज दिनांक तक आपकी ओर से कोई कार्यवाही नहीं की गई है और न ही उक्त संबंध में कोई जबाव प्रस्तुत किया गया है जोकि घोर आपत्तिजनक है। मामले में सीएमओं को 3 कार्यदिवस में कार्यवाही करके प्रतिवेदन भेजने को कहा गया है नहीं तो इस लापरवाही से वरिष्ठ कार्यालय को अवगत कराने की बात भी कही गई है। मामले में एसडीएम नीलेश शर्मा ने कहा कि अग्रवाल भवन के पीछे की गुमठियों को तोड़ने के संबंध तहसील कार्यालय को आदेशित कर दिया है। जल्द ही सभी गुमठियों को हटाया जाएगा।

## कांग्रेस ने लगाया एसआईआर में नाम काटने का आरोप



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

जिला कांग्रेस ने नर्मदापुरम में सत्ताधारी दल के बीएलए द्वारा बीएलओ पर पात्र मतदाताओं का नाम काटने के दबाव बनाने का आरोप लगाया। युवा कांग्रेस नगर अध्यक्ष गुलाम मुस्तफ़ा ने बताया नगर के वार्डो मे अलोकतांत्रिक तरीके से अनावश्यक व्यक्तियों द्वारा पात्र मतदाताओं नाम काटना असंवेधानिक है। जिसके चलते ज्ञापन के माध्यम से जिला निर्वाचन अधिकारी से मांग की है कि इस प्रक्रिया के अंतर्गत पारदर्शी तरीके से और गड़बड़ी कर रहे बीएलओ पर कार्रवाई की मांगी की। साथ ही पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जाए। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गुड्डन पाण्डेय, अनोखी राजोरिया, नगर अध्यक्ष कमलेश बाथरे, धर्मेंद्र तिवारी, फैज़ान उल हक़, अजय सैनी, इटारसी नगर अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी, प्रताप ठाकुर, गुलाम हैदर, जिला प्रवक्ता अनिल रैकवार, सूरज तिवारी, कुलदीप राठौर, अमित खत्री, अजय दुबे, गुलरेज़ बेग, सिराज खान, अतुल तिवारी, अनूप कांचले, धीरज बहुतरा, अफराज़ खान, ललित मौर्य, सुनील चौहान सहित कांग्रेसजन उपस्तिथ रहे।

## हरिभूमि के खुलासे पर कांग्रेस नेता की गंभीर शिकायत, लोस चुनाव में खर्ची राशि पर संदेह

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

हरिभूमि ने लोकसभा चुनाव में नगर पालिका इटारसी द्वारा किए गए लाखों रुपए के खर्च के मामले को उजागर करती हुई एक खबर का प्रकाशन 13 सितंबर 2024 को किया गया था।

खबर से संज्ञान लेकर कांग्रेस नेता अमोल उपाध्याय ने एक गंभीर शिकायत नगरीय आवास एवं विकास विभाग के आयुक्त को की है। गुरुवार को एक पत्रकारवार्ता आयोजित कर उपाध्याय ने आरोप लगाया है कि जिला मुख्यालय पर बैठे अधिकारी मामले में नपा के विरुद्ध कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। जिससे भ्रष्टाचार को 'मौन संरक्षण' मिलने की आशंका होती है।

उल्लेखनीय है कि नपा ने जानबूझकर गलत टेंडर पोर्टल आईडी प्रसारित की थी जिससे प्रतिस्पर्धा खत्म करके 'सांई कंस्ट्रक्शन' को काम लोकसभा चुनाव में व्यवस्थाओं का टेंडर दिया गया था। जहां पडोसी नर्मदापुरम और सिवनी मालवा जैसी नपा ने चुनाव व्यवस्थाओं पर 3 लाख रुपये से कम खर्च किए, वहीं इटारसी नपा ने 22 लाख रुपये का भारी-भरकम भुगतान कर दिया। मामले में शासन से मांग की गई है कि नगर पालिका अधिनियम 1961 के तहत दोषी अधिकारियों एवं साईं कंस्ट्रक्शन जिसके प्रो शुभम पटेल सहित चार अन्य फर्म जिन्हें भुगतान प्राप्त हुए हैं उनके विरुद्ध कार्यवाही करके राशि की वसूली की जाए।

### अवैध स्टेडियम निर्माण

पुरानी इटारसी स्थित दशहरा मैदान सूखा सरोवर में बना वीर सावरकर स्टेडियम नपा स्वामित्व का नही है। तकनीकी स्वीकृति अनुसार निर्माण नपा भूमि पर होना था। राजस्व रिकॉर्ड खसरा नंबर 262/3 के अनुसार, यह जमीन पुलिस विभाग के नाम दर्ज है। नपा अधिकारियों ने बिना स्वामित्व जांचे पुलिस हाउसिंग की जमीन पर 1.46 करोड़ रुपये खर्च कर दिए, जो सीधे तौर पर सरकारी धन का दुरुपयोग और आर्थिक अपराध की श्रेणी में आता है।

## श्री रामलला की प्राणप्रतिष्ठा पर सुंदरकांड का आयोजन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा एवं श्रीगौड़ मालवीय ब्राह्मण समाज महिला मंडल संगठन के सफलतापूर्वक 1 वर्ष पूर्ण होने पर समान संगठन की महिला मंडल द्वारा अटल पार्क इटारसी में 108 सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसके बाद सामाजिक महिलाओं द्वारा हल्दी कुमकुम का कार्यक्रम किया गया। अध्यक्ष अर्चना मालवीय ने बताया कि सुंदरकांड में लगभग 280 से 300 लोगो ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में लगभग 251 महिलाओं ने एक साथ संगीतमय 108 सुंदरकांड का पाठ किया। इटारसी नगर के साथ-साथ



नर्मदापुरम से भी समाज संगठन की महिलाएं उपस्थित रही। समाज एवं नगर के नागरिक भी उपस्थित रहे। सुंदरकांड के पाठ एवं हल्दी कुमकुम के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इटारसी महिला मंडल संगठन द्वारा बीते एक वर्ष में सामाजिक, धार्मिक, प्राकृतिक, वृद्धाश्रम एवं अनाथ बालिकाओं, से सम्बन्धी 24 कार्यक्रें का आयोजन किया गया।

## 25 सीसीटीवी कैमरों व मुखबिर की मदद से पारदी गिरोह के दो आरोपी को किया गिरफ्तार, एक फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर थाना क्षेत्र में रात के समय सूने घरों में घुसकर चोरी एवं चोरी का प्रयास करने वाले पारदी गिरोह को पुलिस ने गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक आरोपी फरार है।

मामले में सोहागपुर थाने से प्रेसनोट जारी किया गया है। प्रेसनोट के अनुसार 18-19 जनवरी 2026 की दरम्यानी रात रामप्रसाद वार्ड सोहागपुर में फरियादी प्रेमशंकर पिता मंगलीप्रसाद जायसवाल के सूने मकान में अज्ञात चोरों ने ताले तोड़कर चोरी की थी। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना सोहागपुर में अपराध क्रमांक 40/26 धारा 331(4), 305(ए), 62 बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। नर्मदापुरम एसपी के निर्देशन, एसडीओपी संजू चौहान के मार्गदर्शन व टीआई उषा मरावी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई।

पुलिस टीम ने घटना स्थल व आसपास लगे 25 सीसीटीवी कैमरों का बारीकी से अवलोकन कर तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपियों की पहचान की। जांच में सामने आया कि चोरी की वारदात पारदी गिरोह के नंदू पारदी पिता विजय पारदी, राजेश पारदी पिता घूंसा पारदी दोनों निवासी ग्राम जमनी टोला एवं समीर पारदी निवासी ग्राम गुलगांव सांची जिला रायसेन द्वारा की गई थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने जमनी टोला मोड़ से नंदू पारदी व राजेश पारदी को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने चोरी की घटना स्वीकार की। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 5000 रुपये नगद एवं ताला तोड़ने में प्रयुक्त लोहे की रॉड जब्त की है। मामले में फरार तीसरे आरोपी समीर पारदी की तलाश जारी है।

पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि रात्रि में यदि वे घर से बाहर जाते हैं, तो इसकी जानकारी पुलिस को अवश्य दें। ताकि क्षेत्र विशेष निगरानी में रहे।

## सोहागपुर ब्लॉक के आदिवासी बच्चों में गर्म वस्त्र वितरित




हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

गत दिवस रामकृष्ण विवेकानंद वेदान्त समिति, नर्मदापुरम द्वारा शीतकालीन राहत कार्य के अंतर्गत सोहागपुर ब्लॉक के आदिवासी ग्राम घोघरी एवं पाठई में दो शासकीय शालाओं में अध्ययनरत 49 बच्चों को स्वेटर, मोजे एवं पेंसिल बॉक्स वितरित किए गए।

इसके साथ ही दो आंगनबाड़ी केंद्रों में 40 बच्चों को भी स्वेटर्स प्रदान की गई। दो गांवों में 60 से अधिक उमर के वृद्धजनों को 76 कंबल वितरित किए गए, जिसमें गर्भवती व धात्री महिलाएं, विधवा महिलाएं एवं दिव्यांग शामिल थे।

स्वामी विवेकानंद भावधारा सेवा समिति सोहागपुर निःशुल्क कोचिंग के 35 बच्चों को गर्म स्वेटर, मोजे एवं पेंसिल बॉक्स दिए गए। यह शीतकालीन राहत कार्यक्रम समिति के अध्यक्ष स्वामी वीरेशानंद के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

### स्टेशन की व्यवस्थाओं को लेकर रेलवे जीएम से की चर्चा

## रेलवे की अव्यस्थाओं से शहर को हो रही दिक्कतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

पश्चिम मध्य रेलवे की महाप्रबंधक शोभना बंधोपाध्याय के इटारसी प्रवास के दौरान क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने उनसे मुलाकात कर रेलवे और जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। स्टेशन अधीक्षक कार्यालय में हुई इस बैठक में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा तथा सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने स्टेशन की बदहाली और लंबित विकास कार्यों का मामला प्रमुखता से उठाया।

### अमृत भारत योजना की सुस्त रफ्तार पर चिंता

विधायक डॉ. शर्मा ने जीएम के समक्ष रेलवे स्टेशन पर चल रहे



अमृत भारत योजना के कार्यों की धीमी गति पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि काम धीमा होने के कारण स्टेशन के सामने की व्यवस्थाएं पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी हैं और यात्रियों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही उन्होंने अन्य प्रमुख मांगें रखीं।

### विधायक ने रखी अन्य मांगें

**रेलवे कॉलोनी की सड़कें:** वार्ड 33 एवं 34 रेलवे कॉलोनी की अंदरूनी सड़कों और एप्रोच रोड निर्माण की अनुमति न मिलने का मुद्दा उठाया। जीएम ने इस पर सकारात्मक रास्ता निकालने का आश्वासन दिया।

**अंडरपास व मंदिर मार्ग:** नर्मदापुरम में आदमगढ़ अंडरपास का मामला और हिंगलाज देवी मंदिर रास्ते की सड़क निर्माण की मांग रखी गई।

### ट्रेनों के स्टॉपेज और जाम की समस्या

क्षेत्रीय सांसद दर्शन सिंह चौधरी और उनके प्रतिनिधि योगेन्द्र राजपूत ने इटारसी जंक्शन पर कुछ प्रमुख ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग रखी। जंक्शन के सामने नाला मोहल्ला रोड पर लगने वाले भारी जाम की समस्या से अवगत कराया। शहर के बीचों-बीच माल गोदाम को शिफ्ट करने की मांग दोहराई ताकि यातायात सुगम हो सके। सभी जनप्रतिनिधियों की मांगों को गंभीरता से सुनने के बाद जीएम शोभना बंधोपाध्याय ने विश्वास दिलाया कि अमृत भारत योजना के कार्यों में गति लाई जाएगी। उन्होंने कॉलोनी की सड़कों और अंडरपास से जुड़े तकनीकी मामलों की समीक्षा कर जल्द से जल्द निराकरण करने का भरोसा दिया।


## न्यास में बनेगी नई पानी की टंकी, विधायक का माना आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर के न्यास कॉलोनी क्षेत्र में लंबे समय से व्याप्त जल संकट के स्थाई समाधान की दिशा में नगर पालिका प्रशासन एक बड़ा कदम उठा रहा है। विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा के मार्गदर्शन में न्यास कॉलोनी में सम्बेल सहित नवीन पानी की टंकी के निर्माण के लिए विधिवत स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने क्षेत्रवासियों को आश्वस्त किया है कि इस नवीन पानी की टंकी का निर्माण कार्य अत्यंत शीघ्र प्रारंभ कर दिया जाएगा। इस महत्वपूर्ण सौगात के लिए कॉलोनीवासियों में खुशी की लहर है।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि नई टंकी और सम्बेल बन जाने से कॉलोनी में पानी के कम दबाव और किल्लत की समस्या हमेशा के लिए



समाप्त हो जाएगी।

जल संकट को गंभीरता से लेते हुए त्वरित स्वीकृति प्रदान करने पर समस्त न्यास कॉलोनी वासियों ने विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा और नपा अध्यक्ष पंकज चौरे का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया है।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ आज

**हरदा।** 16 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ आज 23 जनवरी को प्रातः 11 बजे दिलायी जायेगी। मतदाता दिवस हर वर्ष 25 जनवरी को मनाया जाता है और उसी दिन अधिकारी कर्मचारियों को मतदाता दिवस पर शपथ भी दिलाई जाती है। इस वर्ष 25 जनवरी को शासकीय अवकाश होने से यह शपथ 23 जनवरी को सभी कार्यालयों में दिलाई जाएगी।

### नर्मदा जयंती आयोजन के दायित्व सौंपे

**हरदा।** नर्मदा जयंती के अवसर पर जिले के हंडिया घाट पर 25 जनवरी को शाम 7 बजे से नर्मदा जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ जोनाथन ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये संयुक्त कलेक्टर सतीश राय को नोडल अधिकारी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत हरदा को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। उन्होने कार्यक्रम स्थल पर बेरीकेटिंग, बैठक व्यवस्था, शामियाना व मंच व्यवस्था के लिये वन विभाग व कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग को दायित्व सौंपे है। इसी प्रकार कार्यक्रम शुभारम्भ, दीप प्रज्जवलन व रंगोली की व्यवस्था के लिये महिला एवं बाल विकास विभाग, पेयजल व्यवस्था के लिये कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन के लिये शिक्षा विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग व जन अभियान परिषद को दायित्व सौंपा गया है। कार्यक्रम स्थल पर चिकित्सा व्यवस्था के लिये चिकित्सा विभाग, कानून व्यवस्था के लिये पुलिस प्रशासन तथा मंच संचालन के लिये शिक्षा विभाग को दायित्व सौंपा गया है।

### पत्नी की हत्या के दोषी पति को आजीवन कारावास की सजा

**हरदा।** जिले में पत्नी की हत्या के दोषी पति को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह फैसला बुधवार शाम को सुनाया गया। आरोपी इमरतलाल चावला (45) ने अपनी पत्नी दुर्गा बाई की हत्या की थी। जिला अभियोजन अधिकारी आशाराम रोहित ने बताया कि यह घटना 7 फरवरी 2025 को सिराली थाना क्षेत्र के ग्राम इमलीढाना में हुई थी। आरोपी इमरतलाल ने पूरी रात लोहे के पाइप से अपनी पत्नी दुर्गा बाई की पिटाई की थी। इसके बाद उसने झोपड़ी के सामने पत्थर पर उसका सिर पटक दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। आरोपी के दो नाबालिग भांजों ने पुलिस को बताया था कि उनके मामा ने मामी को रातभर पीटा था। पुलिस ने इस मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज कर आरोपी पति को गिरफ्तार किया था। मृतका के पिता ने पुलिस को बताया था कि उनका दामाद शराब के लिए उनकी बेटी से पैसों की मांग करता था और पैसे न देने पर पहले भी मारपीट करता था। घटना के समय दुर्गा बाई ग्राम दीपगांव में एक किसान के खेत में बनी झोपड़ी में रहती थी।

### पेंशनधारियों को फर्जी कॉल से बचने की सलाह

सीहोर। साइबर अपराधियों द्वारा पेंशनधारियों को जीवन प्रमाण-पत्र को ऑनलाइन अपडेट करने के संबंध में की जाने वाली फर्जी कॉल से बचाव की सलाह दी है।

### जिनके हाथ नहीं, उनके लिए लगाए जा रहे कृत्रिम इलेक्ट्रिक हैंड

# बैतूल शिविर में हरदा जिले के 7 दिव्यांगों को लग चुके हैं कृत्रिम इलेक्ट्रिक हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा बिना हाथ वाले लोगों को इलेक्ट्रिक हैंड लगवाए जा रहे हैं। इन कृत्रिम हाथों के माध्यम से वे खाना, लिखना, डिजाइनिंग और वस्तुओं को पकड़ने जैसे दैनिक कार्य आसानी से कर रहे हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने बताया कि विगत दिनों बैतूल में आयोजित शिविर में हरदा जिले के 7 लोगों को कृत्रिम हाथ लगाए गए हैं। उन्होने बताया कि जिले के मैदानी स्वास्थ्य अमले के माध्यम से जरूरतमंद लोगों की पहचान कर उनका आधार कार्ड की कॉपी और मरीज की फोटो के साथ रजिस्ट्रेशन कराया जा रहा है ताकि उन्हें यह इलेक्ट्रॉनिक प्रोस्थेटिक्स हैंड्स मुफ्त में लगाए जा सकें। रजिस्ट्रेशन के लिए जिला समन्वयक राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम आशीष साकल्ले से संपर्क किया जा सकता है ।




#### डिवाइस मॉडर्न तकनीक पर बेस्ड है

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सिंह ने बताया कि इसके लिए मध्यप्रदेश के स्वास्थ्य विभाग ने इनाली फाउंडेशन के साथ करार किया है। यह डिवाइस मॉडर्न तकनीक पर बेस्ड है, जिसकी मदद से वर्तमान में जो लोग हाथ न होने के कारण जीवन में कठिनाई महसूस करते हैं, उन्हें यह काफी राहत देगा। साथ ही, दैनिक कार्य से जुड़े काम भी इलेक्ट्रिक हैंड से कर सकेगा। कोहनी से नीचे कटे हाथों में यह डिवाइस लगाई जाती है ।

#### भोपाल में लगेगा मेगा कैंप

स्वास्थ्य विभाग द्वारा इसके लिए 26 और 27 जनवरी को भोपाल में मेगा कैंप आयोजित किया जा रहा है, जिसमें यह निःशुल्क इलेक्ट्रॉनिक प्रोस्थेटिक हैंड्स लगवाए जाएंगे। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की यह महत्वपूर्ण पहल राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत की जा रही है।

#### इनको मिलेगा फायदा

*डॉ. सिंह ने बताया कि बिना हाथ के जन्मे या दुर्घटना में हाथ का निचला हिस्सा गंवाने वाले लोगों को ये आर्टिफिशियल हाथ लगाए जाएंगे। डिवाइस 15 साल से ऊपर के व्यक्तियों को लगाया जाएगा। आरबीएसके जिला नोडल अधिकारी डॉ. जी. एस. कुशवाहा ने बताया कि ऐसे लोग जिनके कोहनी से निचला हिस्सा नहीं है।वे समन्वयक राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम आशीष साकल्ले अथवा जिला चिकित्सालय परिसर स्थित जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र में भी पंजीयन हेतु 24 जनवरी तक संपर्क कर जानकारी ले सकते हैं।*

### गुणवत्ता का भी ध्यान रखें

## निर्माणाधीन टंकियों का निरीक्षण कमिश्नर और कलेक्टर ने किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कमिश्नर के.जी. तिवारी एवं कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने गुरूवार को जिले के ग्राम छीपानेर, तजपुरा, पांचातलाई, कमताड़ा का भ्रमण कर जल जीवन मिशन अंतर्गत निर्माणाधीन पानी की टंकियों का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होने सभी टंकियों का निर्माण समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। ग्राम छीपानेर की पानी की टंकी 10 मार्च तक, तजपुरा की टंकी ढाई माह में, पांचातलाई की टंकी 15 फरवरी तक एवं कमताड़ा की टंकी 8 फरवरी तक पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। कमिश्नर ने उपरोक्त टंकियों के निर्माण में गुणवत्ता का भी ध्यान रखने के निर्देश दिये। पांचातलाई के भ्रमण के दौरान ग्रामीणों की शिकायत पर ग्राम डोमरी में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के भी कमिश्नर द्वारा निर्देश दिये गये। इस दौरान संयुक्त आयुक्त जी.सी. दौहर सहित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी मौजूद थे। भ्रमण के दौरान कमिश्नर व कलेक्टर द्वारा संकल्प से समाधान अभियान के तहत ग्राम तजपुरा में आयोजित शिविर का भी निरीक्षण किया गया। कमिश्नर ने इस दौरान गांव के निर्मला संतोष को खाद्यान्न की पात्रता पर्ची भी प्रदान की। इस दौरान उन्होने सभी पात्र हितग्राहियों के आवेदन सम्मिलित करने के शिविर में मौजूद सभी कर्मचारियों को निर्देश दिये।

## श्रीमद् भागवत कथाभगवान की भक्ति में सबसे बड़ी बाधा है अभिमानः शर्मा




**रहटगांव।** संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण का आयोजन सिद्ध श्री खेड़ापति माता मंदिर समिति एवं ग्रामवासी द्वारा किया गया है। श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस कथावाचक पंडित अभिषेक शर्मा ने कहा कि अभिमान भगवान की भक्ति में सबसे बड़ी बाधा है। जो भी कर्म हम कर रहे हैंउसे भगवान की सेवा मानकर करने पर वह भी धर्म बन जाता है। बीते हुए दिनों को याद करके वर्तमान नहीं बिगाड़ना चाहिए। अच्छा स्वभाव भगवान सौभाग्यशाली व्यक्ति को ही प्रदान करते हैं। संसार में सुखी रहना है तो सत्संग और भगवान की भक्ति ही इसका उपाय है। अन्य सांसारिक सुख समय आने पर समाप्त हो जाते हैं। जो उदर में समाने लायक भोजन ले और तन के लिए आवश्यक वस्त्र पहने ज्यादा की कोई आशा ना करें वही सच्चा भक्त है। दान करने से धन घटता नहीं है एक दिन भी बिना दान के नहीं बीतना चाहिए। जो अच्छी प्रकृति के लोग हैं उन पर कुसंगति का कोई असर नहीं होता। संसार में मनुष्य को शास्त्र सम्मत कार्य करना चाहिए, इसी के साथ गज ग्राह समुद्र मंथन रामावतार कृष्ण अवतार की कथा सुनाई। भगवान बाल कृष्ण की झांकी सजाकर महा आरती की गई कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया, बड़ी संख्या में श्रद्धालु, मातृशक्ति जन्मोत्सव कथा में पहुंची।

## दो चोरों को किया गिरफ्तार, 1 बाइक व मोबाइल जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिले की सिविल लाइन थाना पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने उनके पास से चोरी की एक बाइक, एक मोबाइल फोन और एक टैब बरामद किया है। बुधवार को आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

यह कार्रवाई 19 जनवरी को हुई एक बाइक चोरी की घटना से जुड़ी है। ग्वाल नगर निवासी धर्मेंद्र पिता बलराम जाट पूजन सामग्री विसर्जित करने अजनाल नदी के पेड़ीघाट गए थे। उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल सड़क पर खड़ी की थी, लेकिन वापस आने पर वह गायब मिली। दोनों मामले में एक ही निकला आरोपी इसके अलावा, 21 जनवरी को ग्राम रहटॉखुर्द के एक मकान से रात के समय मोबाइल और टैब की चोरी हुई थी। इन दोनों मामलों को लेकर सिविल लाइन थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने बीएनएस की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू की। बुधवार को पुलिस को सूचना मिली कि दो व्यक्ति थाना क्षेत्र की अभिषेक ग्रीन कॉलोनी के पास एक बाइक और मोबाइल बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहे हैं। इस सूचना पर थाने की टीम ने मौके पर घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ लिया।



टीआई आरएस तिवारी ने बताया कि पकड़े गए आरोपी राहुल उर्फ संजू नाई और देवा उर्फ डाँगी शातिर चोर हैं। उनके खिलाफ पहले भी दो दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से बाइक क्रमांक एमपी 47 एम एन 5391, एक मोबाइल और एक टैब जब्त किया है, जिनकी कुल कीमत करीब एक लाख रुपये है। बुधवार शाम को दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। आरोपियों को पकड़ने में एएसआई संजय ठाकुर, हेड कॉन्स्टेबल करण साहू, विजय प्रजापति, आरक्षक वीरेंद्र राजपूत और भगवान सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। बताया जा रहा है कि दोनों आरोपी कुछ दिन पहले ही जेल से छूटे थे और उसके बाद उन्होंने फिर से चोरी की वारदातों को अंजाम दिया।

## इंदौर हादसे से सबक, नपा ने शुरू किया 'शुद्ध जल अभियान', टंकियों पर लिख रहे सफाई की तारीख

### नगर पालिका अमले ने शहर की आधा दर्जन टंकियों में की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी के कारण हुई 25 लोगों की मौत की दर्दनाक घटना के बाद नगर पालिका प्रशासन पूरी तरह अलर्ट हो गया है। शहरवासियों को जहरीले पानी के खतरे से बचाने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने स्वच्छ जल अभियान के तहत शहर की सभी पानी की टंकियों की युद्ध स्तर पर सफाई शुरू करवा दी है।

इस अभियान की खास बात यह है कि अब टंकियों पर बाकायदा पेंट से सफाई की तारीख और अगली सफाई की संभावित तारीख भी लिखी जा रही है, ताकि व्यवस्था में पूरी पारदर्शिता बनी रहे। नगर पालिका ने सफाई व्यवस्था को केवल कागजों तक सीमित न रखकर उसे सार्वजनिक कर दिया है। टंकियों पर सफाई का पूरा विवरण दर्ज किया जा रहा है। उदाहरण के तौर पर मंडी टंकी (क्षमता 1000 केएल) इसकी सफाई 19 जनवरी 2026 को की गई है और अगली सफाई की तारीख 19 अप्रैल 2026 तय कर दी गई है। इसी तरह नेहरू कॉलोनी टंकी (क्षमता 450 केएल) इसकी सफाई 17 जनवरी को पूर्ण हुई और अगली तारीख 17 अप्रैल अंकित की गई है। सहायक इंजीनियर विजय कोली ने बताया कि हर तीन महीने में टंकियों की अनिवार्य रूप से सफाई की जाएगी।

#### गुणवत्ता बनाए रखने की जिम्मेदारी सौंपी गई

अब तक नगर पालिका के अमले ने बाल विहार मैदान, अवधपुरी, ग्वालटोली, गल्ला मंडी और नेहरू कॉलोनी समेत शहर की आधा दर्जन से अधिक प्रमुख टंकियों की सफाई का काम पूरा कर लिया है। वाल्वमैन राजेश जांगड़े, उमेश लोधी और श्रीराम को टंकियों की नियमित निगरानी और गुणवत्ता बनाए रखने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

#### नपाध्यक्ष की दो टूक, लापरवाही बर्दाश्त नहीं

नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कड़े लहजे में कहा कि नागरिकों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पाइपलाइन लीकेज और गंदे पानी की शिकायतों का तुरंत समाधान हो। हाल ही में हाउसिंग बोर्ड ब्रिज निर्माण के दौरान लीकेज होने पर नपा ने काम रुकवाकर पहले पाइपलाइन सुधारी थी। अब हर वार्ड में टीमें तैनात हैं जो सडक़ निर्माण या अन्य कामों के दौरान पानी की लाइन की सुरक्षा सुनिश्चित कर रही हैं।

## लोकतंत्र का लोकोत्सव भारत पर्व 26 जनवरी की संध्या पर बुंदेली लोकगीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी की संध्या पर लोकतंत्र का लोकोत्सव भारत पर्व कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने कार्यक्रम के आयोजन के लिये जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ जोनाथन को संपूर्ण कार्यक्रम का नोडल अधिकारी तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरदा को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी जोसेफ ने बताया कि इस अवसर पर पॉलिटेक्निक कॉलेज के सभा कक्ष में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे तथा वंदेमातरम चित्र प्रदर्शनी का प्रदर्शन भी किया जाएगा। इस कार्यक्रम में संस्कृति विभाग द्वारा राज्य स्तर से भेजे गये कलाकारों के दल अपनी प्रस्तुति देंगे। इनमें रचनाबाई, राजगढ़ व साथियों द्वारा बुंदेली/देश भक्ति लोकगीत तथा गिरधारीलाल गहलोत उज्जैन व साथियों द्वारा भवाई लोकनृत्य प्रस्तुत किया जाएगा।

### गणतंत्र दिवस पर विद्यार्थियों को मिलेगा विशेष भोज

26 जनवरी को प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत शासकीय एवं शासन से अनुदान प्राप्त सभी प्राथमिक शालाएं, मदरसे एवं माध्यमिक शालाओं में विद्यार्थियों के विशेष भोज का आयोजन किया जाएगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंजली जोसेफ जोनाथन ने सभी एसडीएम, जिला परियोजना समन्वयक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत व मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश जारी किये है। उन्होने निर्देशित किया है कि विशेष भोज में विद्यार्थियों को सब्जी, पूरी, खीर अथवा सब्जी, पूरी, हलवा तथा इसके साथ मिठाई का वितरण किया जावे। इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे कि भोजन स्वच्छ स्थान पर बनाया जावे तथा भोजन शुद्ध व गुणवत्तापूर्ण हो।

### देवधर्मी की गादी परिसर में लगा रहा श्रद्धालुओं का मेला

# पंडाओं में अवतरित देवताओं ने हथेलियों पर जलाए अंगारे, तीन जिलों से उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

आधुनिक युग में विज्ञान ने भले ही इंसान को चांद तक पहुंचा दिया हो, लेकिन आस्था और विश्वास की जड़ें आज भी गांवों की मिट्टी में उतनी ही गहरी हैं। सीहोर जिले के समीपस्थ ग्राम चंदेरी में इन दिनों कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिल रहा है, जहां देवधर्मी की गादी पर श्रद्धालुओं का विशाल मेला लगा हुआ है। यहां देवताओं के चमत्कार देखने के लिए भोपाल, शाजापुर और सीहोर जिले से हजारों की संख्या में लोग पहुंच रहे हैं।

ग्रामीणों एवं किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा का कहना है कि यहां पंडाओं के शरीर में देवी-देवताओं का अवतरण होता है और वे चमत्कारिक रूप से लोगों की समस्याओं का समाधान करते हैं। किसी ने अपनी हथेली पर जलते हुए अंगारे रखे तो किसी ने हाथ में ज्योति जलाकर नृत्य किया। यह दृश्य देखकर श्रद्धालु हैरत में पड़ गए और पूरे वातावरण में जय माता दी और हर-हर महादेव के जयकारे गूंज उठे।गांव के समाजसेवी एवं किसान एमएस मेवाड़ा ने सभी पंडाओं का पुष्पहार और शॉल पहनाकर स्वागत किया और देवताओं से आशीर्वाद लिया। उन्होंने बताया कि यह पहली बार है जब चंदेरी में इतनी बड़ी संख्या में तीन जिलों की जनता एक साथ उमड़ी है। देवताओं के इस दरबार में विभिन्न स्थानों के 30 से अधिक पंडा शामिल हुए, जिनके शरीर में देवता आने की बात कही जा रही है। प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 3 बजे तक चलने वाले इस दरबार में लोग अपनी मन्नतें लेकर पहुंचते हैं। कोई बीमारी से मुक्ति चाहता है तो कोई पारिवारिक कलह से। कई श्रद्धालुओं ने दावा किया कि यहां आने के बाद उनकी समस्याओं का समाधान हुआ है।



स्थानीय निवासी गोपाल सिंह ने बताया कि उनका कुछ लोगों से लंबे समय से विवाद चल रहा था, लेकिन देवधर्मी की गादी पर आने और दर्शन करने के बाद आपसी सामंजस्य बन गया।

### फर्जी दिव्यांग बनकर सरकारी नौकरी करने वालों पर करें कार्रवाई

## दिव्यांग कल्याण व विकास परिषद शाखा के सदस्यों ने संयुक्त कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**सीहोर।** दिव्यांग कल्याण एवं विकास परिषद संपूर्ण शाखा सीहोर की प्रबंधक उमा चौरसिया, जिला अध्यक्ष सुखवेंद्र सिंह दांगी के नेतृत्व में संगठन के सदस्यों ने फर्जी दिव्यांग बनकर शासकीय नौकरी करने वालों पर कार्रवाई की मांग को लेकर कलेक्टर बालागुरु के नाम ज्ञापन संयुक्त कलेक्टर जमील खान को सौंपा।

संगठन के प्रदेश मीडिया प्रभारी नरेश मेवाड़ा ने बताया कि संगठन के जिला अध्यक्ष सुखवेंद्र दांगी, प्रबंधक ने आरोप लगाया कि कई लोग फर्जी दिव्यांग बनकर शासकीय नौकरी कर रहे है और असल दिव्यांग बेरोजगार घूम रहे है। ऐसे लोगों की जांच हो। ऐसे ही फर्जी प्रमाण पत्र मामले में एक अफसर पर कार्रवाई भी हुई है।



दांगी ने कहा कि डीडीआरसी सीहोर में यूडीआईडी कार्ड के लिए दिव्यांग परेशान होते है। उन्हें महीनों तक चक्कर लगाना पड़ता है। दिव्यांग बुधनी, आष्टा, जावर, अहमदपुर से यूडीआईडी कार्ड बनवाने आते है, लेकिन इसके लिए उन्हें कई बार चक्कर लगाना पड़ता है। हम मांग करते है कि तहसील स्तर पर भी यूडीआईडी कार्ड बनाने की सुविधा दी जाए ताकि दिव्यांगों को आने -जाने में होने वाली परेशानी से बचा जा सके और समय-सीमा में दिव्यांगों के यूडीआईडी कार्ड बनाए जाएं। इसके साथ ही सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग सीहोर के भ्रष्ट अफसरों की जांच भी की जाए।